## हरियाणा के इस जिले में बांग्लादेशी और रोहिंग्या लोगों की पहचान हुई शुरू

**रेवाड़ी, एजेंसी।** हरियाणा के रेवाड़ी में अवैध तरीके से रह रहे बांग्लादेशी और रोहिंग्या शरणार्थियों की पहचान कर उन्हें यहां से निर्वासित करने की तैयारी चल रही है। इसके लिए पुलिस अधीक्षक गौरव राजपुरोहित के दिशा निर्देश पर एक महीने के लिए जांच अभियान की शुरुआत की गई है। इस जांच अभियान का मकसद जिले में बढ़ते अपराध और नशाखोरी की तस्करी पर अंकुश लगाना है, क्योंकि बड़ी संख्या में ऐसे अवैध लोग इस तरह के काम में शामिल बताये जा रहे हैं। थाना प्रभारी विद्यासागर ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देश पर एक महीने के लिए झुग्गी झोपड़ियों में रहे रोहिंग्या और बंगलादेशी लोगों की पहचान के लिये जांच अभियान की शुरुआत की गई है ताकि यह पता लगाया जा सके कि यह लोग रेवाड़ी में कहीं अवैध रूप से तो नहीं रह रहे हैं। इसके लिए यहां रहने वालों के पहचानपत्र, वोटिंग कार्ड र अन्य रिहायशी कागजातों की भी बारीकी से जांच की जा रही है। जांच में किसी की अवैधता पाई जाती है तो नियमानुसार कानूनी कार्यवाही की जाएगी। पुलिस का ये जांच अभियान 12 दिसंबर को शुरू किया गया है और ये अगले साल 12 जनवरी तक चलेगा।

## वारंट लेकर पहुंचे पुलिसकर्मियों के साथ की गई बदसलूकी

**बल्लभगढ़, एजेंसी।** कोर्ट का वारंट लेकर गए पुलिसकर्मी के साथ आरोपी के साथी ने बदसलूकी की। बदसलूकी के दौरान पुलिसकर्मी और साथी के बीच कहासुनी हो गई तो आरोपी का साथी पुलिसकर्मी की वर्दी पकड़कर मारपीट करने लगा। थाना शहर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ईएसआई महेश ने बताया कि कोर्ट ने सेक्टर 2 निवासी मनोज कुमार के नाम कन्डीशनल वारंट ऑफ अरेस्ट दिया था। महेश अपने साथी सिपाही राजेंद्र, सिपाही मुकेश और एसपीओ खुशी मोहम्मद के साथ मनोज के मकान पर पहुंचे। जहां पर मनोज पुलिस पार्टी को देखकर मकान के अंदर का दरवाजा बंद करके छुप गया। कई बार आवाज देकर मनोज को वारंट के बारे में बताया। काफी समय बीत जाने के बाद भी आरोपी मकान से नहीं निकला। जिसके बाद साथी कर्मचारी एसपीओ खुशी मोहम्मद के फोन के जरिए थाना प्रभारी शमशेर सिंह को बताया। कुछ समय के बाद प्रभारी महिला पुलिस कर्मी कमलेश और सिपाही प्रियांशु के साथ पहुंचे। सभी ने मनोज कुमार को अपने मकान से बाहर आने के लिए। एक व्यक्ति घर से दूर खड़ा होकर अपने हाथ में लिए हुए फोन से वीडियो बना रहा था। उसके बाद वह व्यक्ति उनके पास आया और गुस्से में आकर धक्का मुक्की करने लगा। आरोप है कि व्यक्ति पुलिसकर्मी से कहने लगा कि वह मनोज को ले जाने नहीं देगा। काफी समझाने पर भी व्यक्ति नहीं माना और मरने मारने पर उतारू हो गया। तभी आरोपी ने उनकी वर्दी को खींचकर मारपीट करने लगा। इस दौरान बीच बचाव करने आए सिपाही महेश के साथ भी मारपीट की। मारपीट के दौरान आरोपी ने मुंह से उसको काट भी लिया। जिसके बाद आरोपी को पुलिस ने पकड़ लिया। आरोपी ने अपना नाम राज सिंह निवासी गांव अटाली बताया। थाना प्रभारी शमशेर सिंह ने बताया कि आरोपी राज सिंह को गिरफ्तार कर लिया है।

## मेवा सिंह राणा बने एमडब्ल्यूबी उत्तर भारत के संगठन मंत्री नियुक्त : चंद्रशेखर धरणी

**चंडीगढ़, एजेंसी।** मीडिया वेलबिंग एसोसिएशन उत्तर भारत के अध्यक्ष चंद्रशेखर धरणी ने एमडब्लयूबी उत्तर भारत के संगठन मंत्री पद पर मेवा सिंह राणा की नियुक्ति की है। एमडब्ल्यूबी की कोर कमेटी की मीटिंग के बाद यह फैसला लिया गया है। कुरुक्षेत्र जिला के मूलरूप से रहने वाले मेवा सिंह राणा हरियाणा, पंजाब, हिमाचल, चंडीगढ़, जम्मू-कश्मीर व दिल्ली के संगठनों की आगामी एक माह में समीक्षा करेंगे और संगठन को इन प्रदेशों में और मजबूती के साथ कैसे संचालित किया जाए, पर अपनी रिपोर्ट देंगे। चंद्रशेखर धरणी ने बताया कि मेवा सिंह राणा के नेतृत्व में पांच सदस्यीय टीम भी गठित की गई है, जिसमें दीपक मिगलानी (पानीपत), विशाल सूद (शिमला), संजीव शर्मा (दिल्ली) तथा तारा ठाकुर (पंचकूला) को शामिल किया गया है। चंद्रशेखर धरणी ने बताया कि आने वाले दिनों में यह कमेटी हरियाणा के सभी 22 जिलों में भी समीक्षा करेगी और जो जिला अध्यक्ष निष्क्रिय भूमिका में है, उनका फेरबदल भी रिपोर्ट आने के बाद किया जा सकता है।

# किसानों के लिए बड़ी खुशखबरी, 24 फसलों की एमएसपी पर मिली खरीद की गारंटी, नायब सरकार ने किया लागू

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा में पंजाब की सीमा से सटे शंभू बॉर्डर (अंबाला) और खनौरी बॉर्डर (जींद) पर किसानों के धरने-प्रदर्शन जारी हैं। पंजाब के किसान जहां केंद्र सरकार से फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी लेने के लिए दिल्ली कूच की जिद को लेकर बॉर्डर पर जमे हुए हैं।

वहीं, हरियाणा में किसानों की 24 फसलों को एमएसपी पर खरीद की गारंटी सरकार ने दे दी है। एमएसपी पर पहले से 14 फसलें खरीद रही सरकारी एजेंसियां 10 और फसलों को एमएसपी पर खरीदेंगी। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. राजा शेखर वुंडरू ने 24 फसलों की एमएसपी पर खरीद के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। विधानसभा चुनाव की घोषणा से ठीक पहले पांच अगस्त को मुख्यमंत्री नायब सिंह की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में एमएसपी पर जिन फसलों को खरीदने का निर्णय लिया गया था, अधिसूचना जारी होने से उसे अब सिरे चढ़ाया जा सकेगा।



रागी, सोयाबीन, नाइजरसीड, कुसुम, जौ, मक्का, ज्वार, जूट, खोपरा, ग्रीष्म मूंग, धान, बाजरा, खरीफ मूंग, उर्द, अरहर, तिल, कपास, मूंगफली, गेहूं, सरसों, चना, मसूर, सूरजमुखी और गन्ना शामिल हैं।

केंद्र सरकार की ओर से भारतीय खाद्य निगम (एफसीआइ), भारतीय कपास निगम (सीसीआई), भारतीय जूट निगम (जेसीआई), केंद्रीय भंडारण निगम (सीडब्ल्यूसी), राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ (नैफेड), राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ (एनसीसीएफ) विभिन्न फसलों की खरीद करती हैं।

विशेष बात यह कि हरियाणा में रागी, सोयाबीन, नाइजरसीड, कुसुम, जूट और खोपरा जैसी फसलें नहीं बोई जाती हैं, फिर भी इन्हें प्रदेश सरकार ने सूचीबद्ध फसलों में शामिल किया है। मक्का की कीमत आमतौर पर एमएसपी से अधिक होती है।

हालांकि, प्रदेश सरकार ने 2018-19, 2020-21 और 2021-22 में मक्का खरीदा था। सरकारी एजेंसियों ने कभी जौ नहीं खरीदा, क्योंकि बाजार मूल्य आमतौर पर निर्धारित एमएसपी से अधिक होता है। इसी तरह अरहर, उर्द, तिल, ज्वार की कीमतें भी एमएसपी से ऊंची बनी हुई हैं। मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर पंजीकृत किसानों से ही एमएसपी पर फसलों की खरीद की जाएगी।

**आप और कांग्रेस सरकारें भी करें पहल- नायब सैनी :** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दोहराया कि हरियाणा में किसानों की सभी फसलें एमएसपी पर खरीदी जा रही हैं। पंजाब की आम आदमी पार्टी की सरकार और कांग्रेस शासित राज्यों की सरकारों को भी किसानों को सशक्त बनाने के लिए फसलों को एमएसपी पर खरीद का निर्णय लेना चाहिए।

विशेषकर पंजाब के किसान समस्या से जूझ रहे हैं। इसलिए पंजाब सरकार को घोषणा करनी चाहिए कि किसानों की उपज एमएसपी पर खरीदेंगे।

## हरियाणा में पट्टे पर जमीन लेकर खेती करने वाले किसानों को मिलेगा लोन, फसल खराब होने पर मुआवजे के भी होंगे हकदार

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा में ठेके यानी पट्टे पर जमीन लेकर खेती करने वाले किसान अब बैंकों से ऋण ले सकेंगे। आंधी-बरसात और ओलावृष्टि जैसी प्राकृतिक आपदा में फसल खराब हुई तो मुआवजा भी जमीन मालिक की बजाय पट्टाधारी किसान को मिलेगा।

प्रदेश सरकार ने नया कानून लागू कर दिया है, जिससे अब कृषि भूमि के मालिक और पट्टेदार के बीच विवाद की संभावना भी नगण्य होगी।

हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र में पारित कृषि भूमि पट्टा कानून को राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने स्वीकृति दे दी है। इसके बाद विधि एवं विधायी विभाग की प्रशासनिक सचिव रितु गर्ग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है।

भू-मालिकों और पट्टेदारों में जमीन की मलकियत को लेकर किसी तरह का विवाद न हो, इसके लिए गिरदावरी में 'पट्टेदार' का अलग से कालम रहेगा।ठेके की जमीन पर लगी फसल अगर प्राकृतिक कारणों से खराब होती है तो पट्टेदार को प्रदेश सरकार या फिर बीमा कंपनी की ओर से मुआवजा दिया जाएगा। गिरदावरी में पट्टेदार किसान को भू-मालिक नहीं दिखाकर अलग कालम में पट्टेदार ही दिखाया जाएगा, जिससे भविष्य में विवाद की कोई गुंजाइश भी नहीं रहेगी।

नए कानून में पट्टेदार और भू-मालिक के बीच समझौता तहसीलदार के समक्ष होगा, जिससे विवाद की कोई गुंजाइश नहीं रहेगी। इसके लिए दोनों पक्षों को कोई शुल्क भी नहीं देना होगा। विवाद भी स्थानीय स्तर पर सुलझा लिए जाएंगे, जिससे कोर्ट जाने की जरूरत नहीं होगी।

अमूमन जमीन मालिक किसान द्वारा छोटे किसानों को पट्टे पर जमीन दी जाती है। किसी विवाद से बचने के लिए भू-मालिक अक्सर हर साल सा दो साल में पट्टेदार बदल देता है या उसे बंजर रख देता है।इतना ही नहीं, जमीन मालिक अपनी कृषि भूमि को लिखित रूप में पट्टे पर देने में भी संकोच करता है। लिखित समझौता नहीं होने से पट्टेदार प्राकृतिक आपदा के समय सरकार अथवा बीमा कंपनी से मिलने वाली राहत से वंचित रह जाता है। न ही उसे फसल ऋण मिल पाता है।

## हरियाणा में फिर गिरा पारा, कल हो सकती है बारिश, कई शहरों में कोहरे का येलो अलर्ट जारी

**हिसार, एजेंसी।** प्रदेश में शनिवार को फिर से रात के तापमान में गिरावट दर्ज की गई। शनिवार सुबह के समय स्मॉग या धुंध छाया रहा, ठंड बढ़ गई। मौसम विज्ञानियों ने 23 दिसंबर को दक्षिण पश्चिमी क्षेत्र में वर्षा होने की संभावना जताई है।



उसके बाद 26 से नया पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव हो सकता है। तापमान में गिरावट के साथ ही प्रदेश में रोहतक शहर की हवा सबसे ज्यादा खराब है। रोहतक का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 427 तक पहुंच कर गंभीर श्रेणी में आ गया है।

वहीं, रविवार को मौसम विज्ञानियों ने प्रदेश के 15 जिलों में स्मॉग की संभावना व्यक्त की है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार शनिवार को रात के तापमान में गिरावट दर्ज की गई। हिसार का बालसमंद का न्यूनतम तापमान 2.5 डिग्री तक पहुंच गया।

प्रदेश के काफी जिले ऐसे रहे जिनका तापमान 5 डिग्री से कम है। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि मौसम विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि हरियाणा में पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव से 22 दिसंबर से हवाओं में बदलाव हो सकता है।इससे उत्तर पूर्वी हवाएं चलने की संभावना से राज्य में 22 दिसंबर रात्रि व 23 दिसंबर को मौसम आमतौर पर परिवर्तनशील रहने तथा दक्षिण पश्चिमी क्षेत्रों में 23 दिसंबर को कुछ एक स्थानों पर छिटपुट बूंदाबांदी या हल्की वर्षा होने की भी संभावना बन रही है।

परंतु 24 से 26 दिसंबर तक मौसम आमतौर पर खुश्क रहने तथा उत्तरी व उत्तर पश्चिमी ठंडी हवाएं हल्की गति से चलने से रात्रि तापमान में गिरावट आने की संभावना है। इस दौरान राज्य के कुछ एक क्षेत्रों में अलसुबह धुंध या स्माग रहने की संभावना है। परंतु 26 दिसंबर रात्रि से एक और पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव से राज्य के मौसम में फिर से बदलाव संभावित है।अंबाला, कुरुक्षेत्र, कैथल, करनाल, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, झज्जर, गुरुग्राम, मेवात, पलवल, फरीदाबाद, सोनीपत, पानीपत, भिवानी, चरखी दादरी में कोहरे का येलो अलर्ट है।

## हरे कपड़ों में आए समर्थक, तो किसी ने अंतिम संस्कार के बाद खाई रोटी, ओपी चौटाला को ऐसे दी गई आखिरी विदाई

**सिरसा, एजेंसी।** पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला के अंतिम दर्शनों में चौटाला की ग्रीन बिग्रेड भी दिखाई दी। इनेलो के पुराने उम्रदराज कार्यकर्ता हरी पगड़ी पहने तेजाखेड़ा फार्म हाउस पर पहुंचे। कई तो पगड़ी, कुर्ता और पाजामा भी हरा ही पहनकर पहुंचे।

पूर्व सीएम चौटाला के सिर पर हरी पगड़ी तथा चश्मा पहनाकर उन्हें जब अंतिम संस्कार के लिए ले जाया गया तो ग्रीन ब्रिगेड ने चौधरी चौटाला अमर रहे, हरियाणा का बब्बर शेर अमर रहे के नारों से अंत्येष्टि स्थल गूंजयामान कर दिया।

अंतिम समय में अपने नेता के प्रति उनकी इतनी समर्पण भावना थी कि सुबह से ही भूखे प्यासे तेजाखेड़ा फार्म पर पहुंचे और शाम चार बजकर पांच मिनट पर अंतिम संस्कार के बाद ही खाना खाया।

हरे रंग की पगड़ी पहने महम चौबीसी से पहुंचे बलवीर मलिक का कहना है कि हरे रंग की पगड़ी तो म्हारी पहचान सै। यह पहचान हमें ताऊ देवीलाल से मिली, पगड़ी को चौटाला साहब ने संभाल लिया। चौटाला साहब के कारण यह हमारा सम्मान बन गई।

एकबार जब चौटाला साहब अस्वस्थ थे, एम्स दिल्ली में दाखिल थे। मैं मिलने गया तो पीएसओ ने मुझे रोक लिया। बोले कि मिलने का समय समाप्त हो गया है। मैंने उसे एक स्लिप दी, क्योंकि चौटाला साहब को वर्कर की पहचान होती थी। स्लिप पर



नाम पढ़ते ही मुझे बुला लिया।

सोनीपत जिले के लाट गांव निवासी महिपाल लाट सिर से लेकर पैरों तले हरे कपड़े पहनकर पहुंचा। इसका कारण बताते हुए महिपाल ने कहा कि वह करीब 30 साल से वह ऐसे कपड़े पहन रहा है। वजह है चौधरी देवीलाल का न्याय युद्ध।

1986-87 के दौर में न्याय युद्ध में हरियाणा के तीन लोग मारे गए थे। जिसमें से उसका ताऊ बलवीर सिंह भी शामिल था। उन दिनों देवीलाल उनके ताऊ की तेरहवीं तक उनके घर पर ठहरे थे। वह तो इनेलो का भक्त है।

उसके पास ऐसी पांच ड्रेस हैं। वह बैंक में गार्ड की नौकरी करता है। जब वह नौकरी जाता है तो भी इसी ड्रेस में जाता हूं। बैंक में जाकर ड्रेस चेंज करता हूं। आज चौटाला साहब के अंतिम दर्शन करने आया हूं।

नरवाना के इस्माइलपुर गांव के पूर्व सरपंच राजेंद्र अंतिम संस्कार के बाद पार्किंग स्थल पर खाना खा रहे थे। बातचीत करने पर बताया कि ओपी चौटाला ने जब साल 2000 में नरवाना से चुनाव लड़ा था, तब वह गांव के सरपंच बने थे। चौटाला साहब से जुड़े रहे।

शनिवार सुबह घर से केवल चाय पीकर आया था। अब उनके अंतिम संस्कार के बाद ही रोटी खा रहा हूं। बड़े चौधरी उनके पिता के बराबर थे। उनके जाने के बाद अन्न भी गले से नहीं उतर रहा।

# कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के छात्रों का कमाल, कबाड़ से तैयार की ईवी कार, ब्रेक लगने पर भी चार्ज होगी बैटरी

**कुरुक्षेत्र, एजेंसी।** अब कोई भी कार नहीं होगी बेकार, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इंस्ट्रूमेंटेशन विभाग के विद्यार्थियों की ओर से तैयार तकनीक उसे एक अनोखी और किफायती कार बना देगी। जी हां, इन विद्यार्थियों ने छह माह की मेहनत से एक ऐसी कार तैयार की है, जिसमें बाजार में उपलब्ध सामान्य और सस्ती ब्रश लैस डायरेक्ट करंट मोटर (बीएलडीसी) को बैटरी के जोड़ा गया है।

कार में लगी बैटरी इस मोटर को पावर देगी और यही मोटर कार को चलाएगी। यहीं नहीं भविष्य इस कार की एक खासियत भी है कि यह कार में उपयोग होने वाली मैकेनिकल पावर को रीजनरेट कर इससे बैटरी को चार्ज करेगी, यानि चालक जिस ताकत को ब्रेक लगाने में लगाएगा, इसमें लगी तकनीक उसी ताकत से बैटरी को भी चार्ज करेगी।

इस कार को तैयार करने के लिए विद्यार्थियों ने बाहर से कोई भी नया सामान नहीं खरीद। इसमें




उपयोग किए गए ज्यादातर सामान को उन्होंने विभाग की ही मैकेनिकल लैब में स्वयं तैयार किया है। अब इसकी छत पर सोलर फिल्म लगाकर इसके पेटेंट की तैयारी की जा रही है।

विद्यार्थियों ने इसके लिए एक पुरानी मारुति 800 कार का इंजन उतारकर उसमें बीएलडीसी मोटर को लगाया है। इसमें आधुनिक डिस्पले सिस्टम लगाया गया है जो कार की पूरी कार्यप्रणाली को डिस्पले में दिखाता है। इतना ही नहीं कार की खिड़की खुली है तो यह भी आधुनिक कारों की तर्ज पर डिस्पले में दिखाया जाता है।

आज कल ज्यादातर ईवी कारों में परमानेंट मैगनेट सिंक्रोनेस मोटर (पीएमएसएम) मोटर इस्तेमाल की जा रही हैं। यह काफी महंगी हैं। यही नहीं टेस्ला कंपनी की कारों में एसआर मोटर उपयोग की जा रही है जो विश्व की महंगी कारों में शामिल है। इनके मुकाबले बीएलडीसी मोटर सस्ती होती है। यह मोटर आम सामान्य बाजार में भी दुकान पर उपलब्ध होती है।

कुवि इंस्ट्रूमेंटेशन विभाग के अध्यक्ष प्रो. सुरेंद्र सिंह ने बताया कि इस इलेक्ट्रिक कार में दो किलोवाट की बीएलडीसी मोटर बेस्ड ड्राइव सिस्टम लगाया गया है। इसी के साथ रीजनरेटीव ब्रेकिंग सिस्टम और 45 वोल्ट 60 एच बैटरी का इस्तेमाल किया गया है।

कार में बैटरी रिजनरेटीव ब्रेकिंग सिस्टम से भी स्वयं चार्ज होती है। यही नहीं कार में एंड्रायड बेस्ड डिजिटल डिस्प्ले व एमआईडी सिस्टम प्रयोग किया गया है। इससे कार की सभी तरह की इंफोर्मेशन डिस्पले पर प्रदर्शित होती हैं। इसके लिए इस्तेमाल होने वाले साफ्टवेयर को भी विद्यार्थियों ने स्वयं ही तैयार किया है।

यह ईवी कार विभाग के अंतिम वर्ष के विद्यार्थी आयुष आनंद, पुष्पराज आर्य, दीपांशु दहिया और तृतीय वर्ष के छात्र अनिकेत कुमार ने तैयार की है।

इसको तैयार करने में विभाग के सीनियर टेक्नीशियन सुरेश अहलावत का तकनीकी सहयोग रहा है। कार को तैयार करने में करीब 70 हजार रुपये का खर्च आया है। यह कार 70 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से दौड़ सकती है।

कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने पिछले दिनों स्वयं इस कार को ड्राइव किया। इसके बाद उन्होंने विद्यार्थियों को बधाई दी और कहा कि शोध, नवाचार, उद्यमिता एवं आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने में कुवि की हमेशा से प्राथमिकता रही है, ताकि विद्यार्थी स्वयं रोजगार प्राप्त कर दूसरों को भी रोजगार प्रदान करें। इस तरह की नई खोज राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगी। विद्यार्थियों की यह मेहनत पर्यावरण के संरक्षण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

## उल्टा चोर कोतवाल को डाटे, राहुल गांधी पर एफआईआर होने पर कुमारी शैलजा का भाजपा पर निशाना

**चंडीगढ़/फतेहाबाद, एजेंसी।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा का लोकतंत्र और संविधान में कोई विश्वास नहीं रहा है, भाजपा दलित विरोधी है, किसान विरोधी है और नागरिक विरोधी भी है, सरकार आंदोलनरत किसानों से बातचीत करने के बजाए उन पर कहर बरपा रही है। साथ ही उन्होंनें कहा कि संसद परिसर में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस सांसदों के साथ भाजपा सांसदों ने धक्का मुक्की की और उल्टा एफआईआर राहुल गांधी के खिलाफ ही दर्ज करवा दी यानि उल्टा चोर कोतवाल को डाटे। लोकसभा अध्यक्ष को इस पर संज्ञान लेते हुए कार्रवाई करनी चाहिए क्योंकि भाजपा सांसदों ने उनके ही निर्देश का पालन नहीं किया।

वे रविवार को फतेहाबाद में पत्रकारों से बातचीत कर रही थी। सांसद राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज किए जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि हम विपक्ष में है और विपक्ष का काम ही जनहित से जुड़े मुद्दों को उठाना होता है, संसद परिसर में पहले भी विरोध प्रदर्शन होते है जब स्पीकर ने निर्देश जारी किए कि सीढियों पर खड़े होकर कोई प्रदर्शन नहीं होगा, हमने उसका पालन किया जब हम डा. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष प्रदर्शन कर जा रहे थे तो भाजपा के सांसद पहले से डंडे और पोस्टर लेकर खड़े हुए थे, सत्ता पक्ष ऐसा कर



रहा था जो शर्मनाक था। उनका कहना है कि सत्ता पक्ष के सांसदों ने उनके सांसदों के साथ धक्का मुक्की की, जिसमें हमारे अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे गिर गए थे और आरोप हम पर लगाया जा रहा है, एफआईआर भी हम पर ही दर्ज करवाई गई यानि एक तो चोरी और ऊपर से सीना जोरी। उन्होंने कहा कि भाजपा आज देश में औछी राजनीति कर रही है, सत्ता पक्ष ने स्पीकर की बात तक नहीं मानी ऐसे में स्पीकर को उनके खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि संसद परिसर में विपक्षी सांसदों का रास्ता किसने रोका, कौन हाथों में डंडे और पोस्टर लेकर आया था और किसे धक्का दे रहा था सबने देखा है, हालात ये है कि भाजपा का संसदीय प्रणाली और लोकतंत्र में विश्वास नहीं रहा है। अग्रोहा रेल लाइन के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह सवाल हमने उठाया पर जवाब नाकारात्मक मिला, अब भाजपा से पूछों दस साल से उनका राज था, इन दस सालों में उन्होंनें क्या किया, अभी तक अधेंरे में रखा हुआ है। उन्होंने कहा कि घग्घर नदी के प्रदूषण का मुद्दा उठाया, गोरखपुर परमाणु संयंत्र का मुद्दा उठाया पर कुछ भी ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा के वायदों पर विश्वास नहीं किया जा सकता क्योंकि वह केवल वायदा करना जानती है, कोई भी वायदा पूरा नहीं किया। अब सिरसा में मेडिकल कालेज को ले लो कई बार शिलान्यास हो चुका है पर निर्माण अभी तक नहीं हुआ, अब नए सीएम ने भी कुछ किया है पर ईट अभी तक नहीं लगी। उन्होंने कहा कि आज किसी भी विभाग में चले जाओ शिकायतकर्ताओं की लाइन लगी हुई है, भाजपा सरकार ने दस साल में क्या किया।

विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की हार पर उन्होंने कहा कि सबको उम्मीद थी कि कांग्रेस की सरकार बन रही है लेकिन ऐसा हुआ नहीं। एक सवाल को लेकर उन्होंने कहा कि उनके 09 लोगों को टिकट मिली जिनमें से छह जीते, पार्टी हार को लेकर मंथन कर रही है, कुछ सीटों पर बागी खड़े हुए जिन्हें रोका जा सकता था, अब प्रदेश प्रभारी दीपक बाबरिया भी कह चुके है कि 14-15 सीटों पर टिकट वितरण सही नहीं हुआ। एक सवाल पर उन्होंने कहा कि भाजपा किसानों के साथ आज तक विश्वासघात करती आई है, सरकार ने दो साल पहले एमएसपी को कानूनी दर्जा देने का वायदा किया था पर क्या हुआ। किसान आमरण अनशन पर बैठा हुआ है पर सरकार के पास किसानों से बातचीत करने का समय तक नहीं है।

## सास को खौफनाक मौत देने वाला आरोपी दामाद गिरफ्तार, पूर्व पत्नी के प्रेमी को सौंपा था शव

**सोनीपत, एजेंसी।** अपराधी कितना भी शातिर क्यों ना हो। पुलिस की नजरों से नहीं बच सकता। सोनीपत जिले के सेक्टर-3 स्थित ऑटो मार्किट में बीती 13 दिसंबर को एक 55 साल की बुजुर्ग महिला की हत्या मामले में आखिरकार सोनीपत सेक्टर 27 थाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कर ली है। आरोपी नानूराम को करीब 10 दिन बाद पुलिस ने कड़ी मेहनत के बाद गिरफ्तार किया है, क्योंकि वह लगातार अपने ठिकाने एक राज्य से दूसरे राज्य में बदल रहा था।

आरोपी नानूराम बिहार का रहने वाला है। हाल में वह सोनीपत के विकास नगर में रह रहा था। इसकी पत्नी ममता और उसका तलाक भी हो चुका है। वह ममता और इसके बीच में अनबन की मुख्य वजह अपनी सास चवन्नी देवी को मान रहा था और ममता अब अपने प्रेमी के साथ रह रही थी। जिसकी भनक नानूराम को लग गई और इसने तैश में आकर पहले तो 12 दिसंबर की रात को अपनी सास चवन्नी देवी को बुलाया और उसके साथ झगड़ा किया। वह यहां तक नहीं रुका, उसने रात को अपनी सास को बाइक पर बिठाया और ऑटो मार्किट में ले जाकर गर्दन पर तेजधार हथियार से वार कर मौत के घाट उतार दिया।